एक नजर में

## दिगंबर जैन मंदिर क्लर्क कॉलोनी में मस्तकाभिषेक



इंदौर . दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में नव वर्ष की प्रथम बेला पर महा मस्ताकाअभिषेक किया गया . नव वर्ष पर सुबह 7 बजे मुल नायक भगवान महावीर स्वामी स्वर्ण कलशों से अभिषेक शांती धारा मंत्रोच्चार के साथ की गई . तत्पश्चात देव शास्तृ गुरु एवं महावीर स्वामी की पूजन की गई . प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन बताया कि सभी समाजजनों ने मिलकर बड़े आनंद के साथ खुशी से झूमते गाते नृत्य करते हुए आरती की और भगवान से नव वर्ष मे सभी समाज जनो के लिए आनंद सुख मंगलमय हो इसकी प्राथना की . इस अवसर पर मुख्य रुप से रमेश जैन आनंद-नवीन गोधा महेंद्र सिंघई एस के सोगानी संजय जैन दिलीप बज नरेश जैन आलोक जैन गिरीश जैन गोलू जैन मनीष जैन आशीष जैन के साथ सभी समाजजन शामिल हुए .

## राष्ट्रीय बैरवा दिवस उत्साह के साथ मनाया



इंदौर . राष्ट्रीय बैरवा दिवस पर पूर्वी क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा . गली मोहल्लों से प्रभात फेरिया निकाल गई . अखाड़े में खलीफा ने करतब दिखाये, सुबह बड़ी संख्या में समाज जनों ने मालवा मिल चौराहे पर संत बालीनाथ महाराज की सामूहिक और अलग-अलग समूह में आरती उतारी एक दूसरे को बधाइयां दी . वरिष्ठ समाजसेवी राजू कुवाल , अखिल भारतीय बैरवा महासभा मध्य प्रदेश के अतिरिक्त महामंत्री राकेश गोठवाल, राजकुमार अखंड रमेश गोमें, महेश गोठवाल ने बताया कि 31 दिसंबर को राष्ट्रीय बैरवा दिवस संत बालीनाथ महाराज की जयंती में देशभर में मनाया जाता है . इंदौर में भी सांस्कृतिक आयोजन, चल समारोह, प्रभात फेरी, ध्वज यात्रा, अखाड़े आदि निकल गए . रैली के रूप में कुलकर्णी नगर से परदेशीपुरा , पाटनीपुरा नेहरू नगर, लाल का बगीचा , पंचम की फेल, संत बालीनाथ नगर होते हुए मालवा मिल चौराहे पर पूजन एवं आरती की गई . मुख्य के रूप से नगर निगम के सेवानिवृत वरिष्ठ इंजीनियर वसंत गोगड़े, एमएल मिमरोट, रामकरण गोठवाल, सुभाष रेसवाल, विजय चरावडे, नंदू लोदवाल, रमेश जिनवाल, रामकीष्ण मिमरोट, पप्पू बेरवा, कपिल बंसीवाल, सुभाष वाडिया,श्यामलाल डोहरिया, जगदीश मीमरोट, हंसलाल गंगवाल, नीरज मिमरोट, इंजीनियर सागर गोगडे ,नवीन बड़ोदिया, भारत जीनवाल आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए . आभार सुरेन्द्र कोलवाल, सुभाष कुन्हारे ने माना ।

## सोनी चुनाव अधिकारी मनोनीत



इंदौर . माहेश्वरी समाज इंदौर जिले के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया 2 जनवरी से प्रारम्भ होगी . आवश्यक होने पर मतदान 18 जनवरी को होंगे । वयोवृद्ध समाजसेवी राधाकिशन सोनी को उनके अनुभव के आधार पर चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है . महासभा के मुख्य चुनाव अधिकारी सतीश चरखा ( जलगांव ) ने बताया कि इंदौर जिले के निर्वाचित अध्यक्ष रामस्वरूप धूत का निधन गत 12 अक्टूबर 25 को हो गया था . इसलिए नए अध्यक्ष के लिए चुनाव होना था। दो हजार परिवार से अधिक का जिला होने से इस चुनाव में कार्यकारी मंडल के सदस्य 194 सदस्य मतदान करेंगे . इंदौर के चुनाव अधिकारी राधाकिशन सोनी ने बताया कि चुनावी कार्यक्रम के अनुसार 2 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा . 4 तारीख तक संशोधन, 6 को नामांकन प्राप्त करने, 13 को जांच व प्रकाशन, 14 को नाम वापसी व 18 को यदि आवश्यक हुआ तो प्रात : 10 से 1 बजे तक मतदान माहेश्वरी भवन संयोगितागंज में होगा । ठीक बाद मतगणना होगी एवं परिणाम घोषित होंगे .

## डॉ . अमृता अवस्थी को मिलेगा ज्योति कलश सम्मान



इंदौर . क्रांतिकारी विचार मंच के अध्यक्ष रहे, वरिष्ठ कवि एवं गीतकार स्व . सुरेशचंद्र दुबे ज्योति कानपुरी के स्मरण में 2 जनवरी को डॉ . अमृता अवस्थी को ज्योति कलश सम्मान से सम्मानित होगी . कार्यक्रम संयोजक डॉ . सुरेखा भारती ने बताया कि समारोह में श्रीमती शीला चंदन की पुस्तक % निर्मल नाद का विमोचन भी होगा . कार्यक्रम शुक्रवार को शाम 5 बजे श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागृह में होगा . अध्यक्षता राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन करेंगे . मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ .योगेंद्र नाथ शुक्ल एवं विशेष अतिथि अंजली ताई भोयर वाशिम ( महाराष्ट्र )होगी .

## विश्वनाथ धाम में आज मनेगी शारदा देवी की पुण्यतिथि



इंदौर . सांवेर रोड स्थित श्री भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान विश्वनाथ धाम पर शारदा देवी अग्रवाल की 22वीं पुण्यतिथि 2 जनवरी को प्रात : 11 बजे मनेगी . ट्रस्ट के सुभाष गोयल, मुकेश कचोलिया ,पंकज मित्तल एवं धीरेन पटेल ने बताया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्वनाथधाम पर शारदाजी की पुण्य स्मृति में पौधारोपण , गो सेवा के साथ स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा भजनांजलि एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य सदस्योंद्वारा श्रद्धांजलि दी जाएगी .

## चौधरी को लाइफटाइम अचीवमेंट से नवाजा



इंदौर . अखिल भारतीय पासी समाज राष्ट्रीय कार्यकार्यणी द्वारा महाराजा बिजली पासी जन्मोत्सव पर गुलाब चौधरी को लाइफ टाईम अचीवमेंट से सम्मानित किया गय . समारोह में पासी समाज इंदौर के धीरज बौरासी ने जानकारी में बताया कि अखिल भारतीय पासी समाज राष्ट्रीय कार्यकार्यणी द्वारा पासी समाज इंदौर संगठन के वरिष्ठ समाज सेवी लक्ष्मी दिनेश वर्मा, पूर्व पार्षद राधे बौरासी, नंदू बौरासी, गोविंद कैथवास, लखन लाल बौरासी को पासी रत्न से सम्मानित किया गया . इस अवसर पर अखिल भारतीय पासी समाज इंदौर द्वारा गुलाब चौधरी को सम्मानित करने पर पूर्व सांसद प्रेम चंद गुड्डू पूर्व पार्षद परसराम वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महिला संगठन रीना बौरासी सेतिया, विधायक महेंद्र हार्डिया, राजा राम बौरासी, दिलीप बौरासी, परसराम वर्मा, धीरज बौरासी के साथ अमर दीप चौधरी द्वारा शुभकामनाएं दी गई .

## नववर्ष के पहले ही दिन तीन शराब दुकानों का लाइसेंस निरस्त

इंदौर . नए साल की शुरुआत में ही आबकारी विभाग ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए इंदौर की तीन शराब दुकानों के लाइसेंस एक जनवरी से निरस्त कर दिए हैं . इस कार्रवाई के बाद अब शेष वित्तीय वर्ष के लिए इन दुकानों के संचालन हेतु 6 जनवरी तक ई-टेंडर आमंत्रित किए हैं . आबकारी विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मदिरा एकल समूह आईएनडी-3 द्वारकापुरी के तहत संचालित शराब दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं . इस समूह में द्वारकापुरी, अहीरखेड़ी और रेत मंडी चौराहा स्थित दुकानें शामिल हैं . कलेक्टर के निर्देश पर इन दुकानों का संचालन एक जनवरी से बंद कर दिया गया है .

# 24 घंटे में लूट का आरोपी गिरफ्तार, राजगढ़ पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**सरदारपुर . दिनांक 31.12.2025 को फरियादी सुभाष कटारा निवासी सोनगढ सरदारपुर का अपनी पीकअप वाहन से राजगढ से सोनगढ जा रहा था तभी सोनगढ रोड अमोदिया में रोड पर एक बडा पत्थर आने से फरियादी का वाहन असुन्तुलित होकर रोड किनारे पल्टी खा गया उसी समय रोड किनारे से दो व्यक्ति आये व फरियादी को फलिया दिखाकर डरा धमका कर नगदी 40000/- रूपये व अन्य कागजात लूट कर भाग गये, जिस पर थाना राजगढ पर अपराध पंजीबद्ध की विवेचना में लिया गया ।**



पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर श्री विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन एवं राजगढ थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में उक्त घटना के आरोपियों को पकडने हेतु एक टीम का गठन किया गया ।

टीम द्वारा लगातार प्रयास कर मात्र 24 घंटे के अन्दर की लूट करने वाले आरोपी भागीरथ पिता रामचन्द्र बामनिया निवासी सोनगढ सरदारपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय सरदारपुर पेश कर आरोपी का पी.आर. लिया गया हैं । आरोपी से लूट किये रूपये व अन्य घटनाओं के बारे में आरोपी से पुछताछ की जा रही हैं ।

### सराहनिय भूमिका

उक्त घटना के आरोपी को पकडने में उनि निहालसिंह दंडोतिया, प्रआर प्रकाश वसुनिया, प्रआर विपिन कटारा, आरक्षक जयेन्द्र, आरक्षक दिलीप, आरक्षक दिनेश ओहरी, आरक्षक सुनिल मोर्य की सराहनीय भुमिका रही है । पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी ने उचित ईनाम की घोषणा की है।

# हिंदू सम्मेलन को लेकर नागदा मंडल की बैठक



**नागदा । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नागदा में मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा आयोजन की रूपरेखा एवं तैयारी करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ**

कानवन खंड सरसंघचालक पंकज जैन एवं कानवन खंड कार्यवाह विनोद पंवार की उपस्थिति में नागदा की सकल हिंदू समाज के समाज जनो के बिच बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोजन को लेकर रुपरेखा तैयार की गई । साथ ही अन्य व्यवस्थाओं के लिए चर्चा की गई। बैठक में आयोजन की तारीख 18जनवरी 2026 सर्वसम्मति से तय की गई। आयोजन के स्थल, से विशाल कलशयात्रा.सहभोज,एवं अन्य व्यवस्था के लिए

समितियों का गठन किया गया। आयोजन में मंचीय कार्यक्रम के साथ कलशयात्रा व मुख्य वक्ता का उद्बोधन होगा कार्यक्रम समापन के पश्चात हिंदू समाज का सामूहिक भोज का भी आयोजन स्थल पर रखा जाएगा आयोजन में नागदा मंडल के ग्राम माकनी.छोटीकड़ोद.बामंदाकला. पंचमुखी.छायन.गोपालखेड़ी.दोलतपुरा एवं नागदा नगर के सकल

हिंदू समाज के लोग एकत्रित होंगे आयोजन को सफल बनाने के लिए समितियां का गठन किया गया जिसमें हिंदू सम्मेलन के संयोजक मूकेश चौधरी व डॉ.सहसंयोजक रामू राठौड़ कोषाध्यक्ष महेंद्रसिंह( मोनू दासा) व मुकेश चौहान

संग्रह प्रमुख राम कुमावत, भोजन निर्माण सोहन चावड़ा व सूनिल शर्मा मंच संचालन मोहित जायसवाल यातायात जितेन्द्र सोलंकी सोशल मीडिया वरुण शर्मा, बैठक में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के समाज जन उपस्थित थे गठित समितियायो की गुरूवार को श्री तेजाजी मंदिर में बैठक रखी गई ।जिसमें आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।।



# नारी अबला नहीं नारी सबला है

धार . नारी तू नारायणी नारी शक्ति में माँ अलग-अलग स्वरूप में दर्शन देती हैं ।नारी ही दुर्गा है,रसोई में माँ अन्नपूर्णा का रूप है,बच्चों के लिए माँ ममता का रूप है ।भक्तों पर संकट आने पर माँ काली बनकर सब दुख हर लेती हैं ।उक्त उद्गार चार धाम एक मुकाम इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में श्री शीतला माता/दशा माता महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत के समापन दिवस पर राष्टीय प्रवक्ता पं .विनोद जी शास्त्री( बड़नगर ) ने अपने मुखारविंद से कहा । पं .शास्त्री ने अष्टम दिवस की कथा में कहा किस प्रकार मैया ने धूम्र लोचन,रक्त बीज,ओर शुंभ निशुंभ का वध किया शुंभ-निशुंभ नामक राक्षस ब्रह्मा जी से वरदान पाकर अत्यंत शक्तिशाली हो गए,ओर सभी देवता को दुख देने लगे ।सभी देवता की पुकार पर माँ ने शुंभ-निशुंभ का वध कर सभी देवता के संकट का निवारण किया ।आज कथा के विराम दिवस पर पूज्य व्यास जी के पिताजी पं .मदन मोहन शास्त्री( बड़नगर ) एवं कर्म को संपादित करवाने वाले आचार्य पं .कुलदीप व्यास, सहयोगी ग्राम देवता पं .यश त्रिवेदी,मंदिर पुजारी लोकेश जोशी,संगीत कलाकार धर्मेंद्र चौहान,महेश जी,संदीप जी,दीपक जी,शुभम जी एवं साउंड सेवा महेश जी,कथा लाइव आयुष जी का शीतला माता/दशा माता महिला मंडल, आदर्श नवयुवक मंडल,आदर्श रामायण मंडल, द्वारा सम्मानित किया ।कथा में समाजसेविका प्रभा बालमुकुंद जी गौतम ने गुरुजी का आशीर्वाद ग्रहण किया और मंडल द्वारा श्रीमती गौतम को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।



# पंचमुखी हनुमान पर सुन्दरकांड पाठ, भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु

**सरदारपुर। नगर में नववर्ष के प्रथम माह में धार्मिक आयोजन का दौर चल रहा है। गुरुवार को जल संसाधन विभाग कार्यालय परिसर में विराजित पंचमुखी हनुमानजी मंदिर पर बालाजी सुन्दरकांड मंडल अमझेरा द्वारा भजनों के साथ संगीतमय सुंदरकांड चौपाइयो की प्रस्तुति दी गई।**

गायक आनंदसिंह सोलंकी, सह गायक भरत शर्मा द्वारा अंजनी का लाला, बड़ा मतवाला, दुनिया में है तेरो नाम, मै तो हवा हूँ, किस तरह पहरे, मेंरे राम प्यारे मुझे राम देदो, जैसे शानदार भजनों की प्रस्तुति पर भक्तजनों को झुमने पर मजबूर कर दिया गया था। कार्यक्रम मंडल टीम में आर्गन जनक कुमावत, पेड वीरुभाई, ढोलक पर कपिल, और देवराज गोराणा द्वारा गायकों का साथ दिया गया। कार्यक्रम रात 11,30 बजे तक चला। सुन्दरकांड विश्राम बाद मन्दिर पुजारी गोविंद जोशी और आयोजन लाभार्थी तनिष्क मारु, वंश मिश्रा मित्र मंडल ने हनुमानजी की आरती उतारकर भक्तो को प्रसादी बाटी गई।

# वैश्य समाज के कैलेंडर का विमोचन



**मनावर।** वैश्य संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत अग्रवाल, वैश्य जिलाध्यक्ष आशीष गोयल के आतिथ्य, संगठन मंत्री सतीश अग्रवाल, शैलेष नीमा, कैलाश लाड धार की विशेष उपस्थिती जिला उपाध्यक्ष हेमन्त खटोड़ एवं वैश्य समाज मनावर के अध्यक्ष नारायण सोनी की अध्यक्षता में वैश्य संगठन मनावर की बैठक का आयोजन नरसिंह मंदिर मे किया गया 7 वैश्य समाज युवा इकाई तहसील अध्यक्ष आकेश नवलखा ने बताया कैलेंडर का विमोचन नगर के वैश्यजनो की उपस्थिति में किया गया एवं जिसका वितरण भी शीघ्र किया जायेगा 7 वैश्य समाज के सामाजिक कार्यो की चर्चा करते हुए समाजसेवा में सभी सदस्यों की सक्रियता बनाये रखने की सार्थक चर्चा हुई 7 वैश्य पदाधिकारियों द्वारा जय कुमार अग्रवाल , संजय अग्रवाल, मनीष अग्रवाल और यतेश अग्रवाल को वैश्य समाज का आजीवन सदस्य बनाया गया 7 इस अवसर पर वैश्य संगठन मनावर के सदस्य व्यवसायी अखिलेश जायसवाल , मनोज खंडेलवाल, सुनिल अग्रवाल, दामोदर खंडेलवाल, राजेश काकरेचा आदि भी उपस्थित थे 7 आशीष गोयल ने 10-11 जनवरी को धार मे आयोजित समाज के परिचय सम्मेलन का निमंत्रण भी स्थानीय अग्रवाल समाज को दिया

एक नजर ▶ श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर अटल मार्केट पर चल रही कथा की पुर्णाहुति हुई

# श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन, श्रद्धा व भक्ति का संदेश दिया

**नागदा ( धार )** ।माँ भगवती योग व मौक्ष दोने देती है, बस भक्त का मन उसकी शरण में हो। जगत में सबसे बड़ा दान कथा दान है, भक्त अपने जीवनकाल में कथा अवश्य कराये, जो स्वयं के साथ-साथ दूसरों के जीवन के कल्याण के मार्ग को तार दे। मानव जन्म सभी जन्मों से श्रेष्ठ है, श्रेष्ठ जीवन को पूण्य के प्रताप से सर्वश्रेष्ठ बनाये। कथा का श्रवण अनुष्ठान के समान है। क्रोध, छल, कपट व बुराई नरक के समान है, इस पर विजय प्राप्त करे। उक्त अनमोल वचन चार धाम एक मुकाम श्री ईच्छापूर्ण हनुमान मंदिर अटल मार्केट पर चल रही श्रीमद देवी भागवत कथा के अंतिम दिवस कथा पूर्णाहुति पर कथा प्रवक्ता पं. विनोद शास्त्री, बड़नगर ने व्यासपीठ से भक्तो के बीच कहे। कथा प्रसंग में कहा कि भक्ति मन से हो, भय से नहीं, जहां भी भक्ति करने का अवसर मिले, उसे व्यर्थ न जाने दे, भक्ति ही



भवसागर के मार्ग को प्रशस्त करती है। जगत की कृपा कुछ पल का सुखद भाव प्रदान करेगी, किंतु श्रीमद भागवत, श्रीमद देवी भागवत, परमात्मा की शरण जन्म जन्मांतर तक सुख प्रदान करेगी। मनुष्य जीवन में दान करने से पीछे न रहे, दान से दरिद्रता दूर होती है। देवी भागवत में माँ के नौ स्वरूपों की कथा भक्त के जीवनकाल के स्वरूप को दिशा प्रदान करती है। कथा प्रवक्ता पं. शास्त्री व समाजसेविका प्रभा बालमुकुंदसिंह गौतम का दशामाता महिला मण्डल, आदर्श रामायण मण्डल, आदर्श नवयुवक मण्डल, आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। वहीं आदर्श मण्डल द्वारा श्रीमद देवी भागवत कथा आयोजन के लिए दशामाता महिला मण्डल का भी सम्मान किया। अंतिम दिवस पं. शास्त्री ने श्रीमद देवी भागवत कथा के प्रताप का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए भक्तों को धर्म व पुण्य के मार्ग पर चलने की प्रदान की। कथा के अंतिम दिवस महाप्रसादी का लाभ मुन्नालाल सुराना, राजु सुराना परिवार द्वारा लिया गया। सैकड़ो भक्तों ने कथा श्रवण व प्रसादी का लाभ लिया। कथा प्रवक्ता पं. विनोद शास्त्री ने दशामाता महिला मण्डल, आदर्श रामायण मण्डल, कथा में सम्मिलित यजमान व सभी भक्तों का धार्मिक आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। कथा में मंच का संचालन योगेश चौहान ने किया।